ITALICA®

PIL ITALICA LIFESTYLE LIMITED
(An ISO 9001 : 2015 Certified Company)
CIN : L25207RJ1992PLC006576
+91-96 499 71111
0294-2432272
info@italica.com

28 August, 2025

| The Manager-Listing Department | Listing Department |
|---|---|
| National Stock Exchange of India Limited,<br>'Exchange Plaza', C-1, Block –G<br>Bandra Kurla Complex, Bandra –East<br>Mumbai–400051 | BSE Limited<br>Phiroze Jeejeebhoy Towers<br>25th Floor, Dalal Street<br>Mumbai- 400001 |

**Name of Company : PIL ITALICA LIFESTYLE LIMITED**
Sub : Newspaper Advertisement- Disclosure under Regulation 30 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("SEBI Listing Regulations")
Ref : Scrip Code No.: PILITA/ 500327

Dear Sir / Madam,
Pursuant to Regulation 30 of the SEBI Listing Regulations, please find enclosed herewith newspaper clippings regarding the opening of special window for re- lodgement of the transfer requests of physical shares published in Free Press Journal (English Daily), Navshakti (Marathi) and Dainik Pukar (Hindi) on 27.08.2025.

The same is available on the website of the Company i.e. www.italica.com

Kindly take the above on your records.


Thanking you,
Yours faithfully,
**For PIL ITALICA LIFESTYLE LIMITED**

Narendra Bhanawat
Digitally signed by Narendra Bhanawat
Date: 2025.08.28 11:03:42 +05'30'

Narendra Bhanawat
(Whole Time Director)
DIN : 00146824

## संक्षिप्त समाचार

### पीएफसी एज्यूकेशन ने मनाया 7वां स्थापना दिवस




**उदयपुर (पुकार)।** पीएफसी एजुकेशन ने अपना 7वां स्थापना दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस खास अवसर पर संस्थान ने यूएस-सीएमए कोर्स की शुरुआत की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विनीत पवार थे, जिन्होंने छात्रों को यूएस-सीएमए कोर्स और उसके भविष्यगत अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। यूएस एण्ड सीएमए एक अंतरराष्ट्रीय प्रोफेशनल कोर्स है जो मेनेजमेनट अकाउन्टिंग और फाइनेन्शियल मेनमजमेन्ट में करियर बनाने का अवसर देता है। इससे छात्र ग्लोबल लेवल पर बेहतरीन करियर अवसर प्राप्त कर सकते हैं। स्थापना दिवस पर संस्थान की संस्थापक एवं निदेशक मीनाक्षी भेरवानी ने पीएफसी एजुकेशन की पहली मैगज़ीन का विमोचन किया। इस पत्रिका में मीनाक्षी भेरवानी का जीवन परिचय प्रकाशित किया गया है, साथ ही संकाय सदस्यों गुंजन वाधवानी एवं हुसैन अली बोहरा सहित अन्य शिक्षकों और टीम सदस्यों के लेख भी शामिल किए गए हैं। इसके अतिरिक्त छात्रों ने भी अपनी रचनाओं और कलात्मक प्रस्तुतियों से पत्रिका को समृद्ध बनाया है।

इस मौके पर पीएफसी टीम के सदस्य भी मौजूद रहे। इनमें संस्थापक मीनाक्षी भेरवानी, शिक्षक गुंजन वाधवानी और हुसैन अली बोहरा के साथ-साथ अन्य टीम सदस्य भी शामिल रहे। इनमें एचआर से रिया गेरा, एडमिन टीम से कीर्ति धाकड़ और रविषा कोठारी, वहीं डिजिटल मार्केटिंग टीम से हर्षित पालीवाल और मोहक चावला भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में छात्रों के लिए एक ओपन माइक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्रों ने डांस, शायरी, पोएट्री और सॉन्ग जैसे कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी-अपनी प्रतिभाओं का बेहतरीन प्रदर्शन किया तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। यह आयोजन छात्रों की रचनात्मकता और ऊर्जा का केंद्र बिंदु रहा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान के स्वयंसेवकों योकशित कर्दा, कविता भंसाली, हीरल कस्तूरी, शाहीन बानो, साकिना जरीवाला, यशिता, अक्षिता समदानी, अलकमर बारोडावाला, होज़ेफ़ा पतवा, अभिषेक राठौड़, पीयूष धाधिया, दक्ष अग्रवाल और गर्विर डाक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### नारायण सुब्बाराव हार्डिकर की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि




**उदयपुर (पुकार)।** राष्ट्रसेवा एवं समाजोत्थान के अग्रदूत, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नारायण सुब्बाराव हार्डिकर की पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को कांग्रेस मीडिया सेंटर रक्षाबंधन, धानमंडी में विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता पंकज कुमार शर्मा ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। शर्मा ने कहा कि हार्डिकर जी ने अपने संपूर्ण जीवन को समाज की सेवा, राष्ट्रीय एकता और स्वतंत्रता आंदोलन के लिए समर्पित किया। उनका त्याग, तपस्या और संगठन कौशल आज भी हम सबके लिए प्रेरणा स्रोत है। इस अवसर पर कालू लाल जैन, चोगाराम जाट, जमना गिरी, मांगीलाल जी, अल्लारखी सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे और उन्होंने भी हार्डिकर जी के योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### विद्यापीठ - इंडक्शन प्रोग्राम का हुआ आगाज



**उदयपुर (पुकार)।** राजस्थान विद्यापीठ के संघटक डिपार्टमेंट ऑफ ट्रैवल टूरिज्म एंड होटल मैनेजमेंट के नवप्रवेशित बीबीए, बी.बी.ए.टी.टी. के विद्यार्थियों के लिए आयोजित इंडक्शन प्रोग्राम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कुलाधिपति भंवर लाल गुर्जर, विशिष्ट अतिथि कुलपति कर्नल प्रो. शिव सिंह जी सारंगदेवोत, डॉ. मधु मुर्डिया ने सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्जवलित कर किया। कुलाधिपति भंवर लाल गुर्जर ने विश्वविद्यालय के इतिहास एवं रीति नीति से अवगत कराया। प्रो. सारंगदेवोत ने विद्यार्थियों का आव्हान किया कि लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढेगे तो कभी असफल नहीं होंगे। आपको जीवन में करना क्या है उसी के अनुसार रोड मेप तैयार करे और इसी दिशा में आगे बढ़े। आज के युवाओं को ये भी नहीं पता कि उन्हें करना क्या है। सफलता एक दिन में नहीं मिलती है। प्रारंभ में प्रभारी डॉ. मधु मुर्डिया ने अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रोग्राम की जानकारी दी। कार्यक्रम में जलद आमेटा , उर्वशी माथुर, प्रकाश आचार्य सहित संकाय सदस्य उपस्थित थे।

### चिराग परमार व शिवराज आचार्य ने जीते स्वर्ण पदक



**उदयपुर (पुकार)।** राजस्थान विद्यापीठ के डबोक परिसर में आयोजित छठी राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में प्रतिभागिता करते हुए विश्वविद्यालय योग केंद्र के बीएससी पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों चिराग परमार ने ट्रेडिशनल एकल स्पर्धा में एक स्वर्ण व एक कांस्य तथा शिवराज आचार्य ने सुपाइन स्पर्धा में एक स्वर्ण पदक जीता। इन दोनों खिलाड़ियों का चयन 11 से 14 सितंबर को छत्तीसगढ़ में होने वाली राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता में हुआ है। उदयपुर के इन दोनों योगा खिलाड़ियों राजस्थान योगासन टीम के प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।

### महिला मिलन कार्यकम तैयारी बैठक

**उदयपुर (पुकार)।** भारत विकास परिषद राजस्थान रीजन की बैठक राजस्थान दक्षिण प्रान्त के अध्यक्ष मयंक दोषी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। 13 एवं 14 सितंबर को दो दिवसीय महिला मिलन का आयोजन उदयपुर शहर में होगा। शहर समन्यक राकेश नंदावत अनुसार राजस्थान की 700 महिला सम्मेलन में उपस्थिति होंगी। इस आयोजन में राज्य की उपमुख्यमंत्री दिव्या कुमारी की उपस्थिति रहेगी। जिला समन्यक संतोष कुमार जैन अनुसार राजस्थान के सभी जिलों की महिलाओं का प्रतिनिधित्व रहेगा। इस समारोह में अतिथियों के अतिरिक्त पुरुष वर्ग का अन्दर प्रवेश वर्जित रहेगा। प्रान्त के महा सचिव श्री सुधीर वोरा ने बताया कि 13 सितंबर को 125 महिलाओं को अहिल्या बाईं होलकर पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। जिन महिलाओं का विशेष सहयोग भारत विकास परिषद के कार्य में रहा है, उन्हें भी सम्मानित किया जाएगा।बैठक में पूर्व राष्ट्रीय पदाधिकारी डॉ संतोष गोधा, रणजीत लाल जैन, वीणा पालीवाल, डॉ मेघेंद्र शर्मा, हंसमुख जैन, रजनीकांत मानावत, अशोक कूकड़ा, चन्द्र कांत पालीवाल, डॉ भूपेंद्र व्यास आदि की उपस्थिति रही। आभार धन्यवाद सुभाष शाखा के सचिव एवं कार्यालय प्रभारी शोभा लाल दशोरा द्वारा दिया गया।

# पंडित दीनदयाल के लेख राष्ट्रवाद और जनकल्याण का दस्तावेज : ओम माथुर

### पुस्तक 'पत्रकार दीनदयाल उपाध्याय' का विमोचन




**उदयपुर (पुकार)।** राष्ट्र साधना सृष्टि संस्थान की ओर से डॉ. विजय विप्लवी और डॉ. कुंजन आचार्य द्वारा लिखित पुस्तक पत्रकार दीनदयाल उपाध्याय का विमोचन मंगलवार को प्रताप गौरव केंद्र के कुम्भा सभागार में सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर ने किया।

राज्यपाल माथुर ने अपने संबोधन में कहा कि पंडित दीनदयाल के लेख राष्ट्रवाद और जनकल्याण का दस्तावेज हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की राष्ट्र भक्ति के विज्ञान को दुनिया मानेगी। वे केवल राजनेता ही नहीं, बल्कि एक गहन चिंतक और सजग पत्रकार भी थे।पंडित जी ने पत्रकारिता को राष्ट्र की आत्मा की आवाज़ बताया। उनके लेखन में समाज की व्यथा भी थी और समाधान की दिशा भी। दीनदयाल जी ने दिखाया कि पत्रकारिता केवल समाचार नहीं, बल्कि समाज और संस्कृति को दिशा देने का साधन है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि पंडित दीनदयाल का जीवन 'एकात्म मानववाद' की अद्भुत प्रयोगशाला था। उनकी लेखनी में राष्ट्रप्रेम और जनकल्याण की भावना स्पष्ट झलकती थी। निम्बाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी ने कहा कि यदि आज के पत्रकार दीनदयाल जी की निष्पक्षता और प्रतिबद्धता को आत्मसात करें तो पत्रकारिता पुनः समाज का दर्पण और मार्गदर्शक बन सकती है।

उदयपुर शहर सांसद डॉ एम एल रावत ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने पत्रकारिता को केवल पेशा नहीं माना, बल्कि राष्ट्र के उत्थान का माध्यम बनाया। उनकी लेखनी में सत्य की शक्ति और समाज सुधार की तीव्रता दोनों थी।

शहर विधायक ताराचंद जैन ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का योगदान केवल राजनीति तक सीमित नहीं रहा। उन्होंने पत्रकारिता को भी भारतीय संस्कृति और भारतीयता का प्रखर प्रवक्ता बनाया। उनका जीवन हर युवा पत्रकार के लिए अनुकरणीय है।

भाजपा शहर जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़ ने कहा कि दीनदयाल जी के विचारों ने भारतीय राजनीति और पत्रकारिता दोनों को नई दिशा दी। वहीं भाजपा देहात जिलाध्यक्ष पुष्कर तेली ने कहा कि उनकी सोच समय से आगे थी और यही कारण है कि उनके लेखन आज भी प्रासंगिक हैं।

इस अवसर पर राष्ट्र साधना सृष्टि संस्थान के अध्यक्ष धर्मनारायण जोशी, सचिव भंवरलाल शर्मा तथा कार्यक्रम संयोजक दिनेश भट्ट ने अतिथियों का स्वागत किया । डॉ. बालूदान बारहट ने पुस्तक की समीक्षा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कुंजन आचार्य ने किया।

# सड़क हादसों के पीड़ितों को मिलेगा 1.5 लाख तक का कैशलेस इलाज

**उदयपुर (पुकार)।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने सड़क हादसों के पीड़ितों को तत्काल राहत देने के लिए एक बड़ी पहल की है। मंत्रालय ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के साथ मिलकर 'कैशलेस ट्रीटमेंट फॉर रोड एक्सीडेंट विक्टिम्स स्कीम एंड गाइडलाइंस-2025' की शुरुआत की है। इसके तहत, सड़क दुर्घटना में घायल हर व्यक्ति को दुर्घटना की तारीख से अधिकतम 7 दिनों तक के लिए 1.5 लाख तक का कैशलेस इलाज मिलेगा। इस स्कीम का क्रियान्वयन 'ई-डिटेल्ड एक्सीडेंट रिपोर्ट' (ई-डीएआर) और प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत जन-आरोग्य योजना के माध्यम से किया जाएगा। भुगतान का तरीका- इलाज का खर्च मोटर वाहन दुर्घटना निधि से वहन किया जाएगा। बीमित वाहनों के मामलों में खर्च का भुगतान संबंधित बीमा कंपनियों द्वारा किया जाएगा। बीमा रहित या हिट-एंड-रन मामलों में भुगतान केंद्र सरकार के बजटीय समर्थन से होगा। इसके लिए जिला कलक्टर की मंजूरी आवश्यक होगी। जिला कलक्टर नमित मेहता ने इस योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता को नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए योजना के क्रियान्वयन के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

# विधायक मीणा कराएंगे प्रतिभाशाली छात्राओं को हवाई यात्रा

**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा के सानिध्य में प्रतिभाशाली छात्राएं हवाई यात्रा कर जयपुर में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी एवं अन्य मंत्रियों से भेंट करेंगी। सभी छात्राएं विधानसभा भवन का अवलोकन भी करेगी। दूसरे चरण में 26 छात्राएं 27 अगस्त को हवाई जहाज से जयपुर के लिए रवाना होगी।

विधायक फुलसिंह मीणा के बालिका साक्षरता, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विवाह की रोकथाम हेतु प्रारंभ किये इस नवाचार की सर्वत्र सराहना हो रही हैं। कई जनप्रतिनिधियों द्वारा इसका अनुकरण भी किया जा रहा है। विधायक फूलसिंह मीणा की अनूठी पहल के चलते छात्राए इस गौरवशाली अवसर को प्राप्त कर प्रसन्न हो रही है।

विधायक फुलसिंह मीणा उदयपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की प्रत्येक पंचायत एवं वार्ड से कक्षा 10 एवं कक्षा 12 में सभी वर्गों में सर्वाधिक अंक पाने वाली 56 छात्राओं को हवाई यात्रा से जयपुर ले जा रहे हैं। प्रथम चरण में 30 छात्राओं को यह अवसर मिल चुका है। विधायक फूलसिंह मीणा विधानसभा के स्पीकर पैनल में शामिल है और लगातार दूसरी बार विधानसभा की जनजाति कल्याण समिति के सभापति भी हैं। विधायक फूलसिंह मीणा की अनूठी पहल के कारण क्षेत्र में हर बार हवाई यात्रा की पात्र छात्राओं की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है। छात्राएं स्वामीनारायण मंदिर, बिरला मंदिर एवं गणेश जी मंदिर मोती डूंगरी के दर्शन भी करेगी।

विधायक फूलसिंह मीणा ने बताया कि इस अनूठे नवाचार के लिए अपनी बेटियों से प्रेरणा मिली। 15 वर्ष की आयु में पढ़ाई छोड़ चुके विधायक फूलसिंह जी ने अपनी बेटियों के प्रेरणा और प्रोत्साहन से 40 वर्ष बाद 55 वर्ष की उम्र में पुनः शिक्षा की डगर थामी और हाल ही में एम.ए.अधिस्नातक अंतिम वर्ष की परीक्षा दे चुके हैं। विधायक फूलसिंह मीणा ने बताया कि समूचे क्षेत्र में जहां भी वह जाते हैं, बालिकाएं उन्हें बताती हैं कि उनका सपना भी बोर्ड परीक्षाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर उनके सानिध्य में हवाई यात्रा करने का है। उन्हें अपनी पहल के सार्थक होने पर सुकून महसूस होता है। इस पहल से क्षेत्र में बाल विवाह पर भी अंकुश लगा है। क्योंकि बालिकाओं में शिक्षा की अलख जोर-शोर से जाग चुकी है, अभिभावक भी बच्चियों को शिक्षा दिलाने के लिए जागरूक हुए हैं। विधायक फूलसिंह मीणा स्वयं की पांचों पुत्रियां उच्च शिक्षित हैं।

**आलोक स्कूल का मामला**

# स्कूल में छात्रा से रेप, जिम प्रशिक्षक फरार

लकी जैन

**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर शहर के फतहपुरा स्थित आलोक स्कूल में एक 13 वर्षीय छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी जिम इंस्ट्रक्टर (ट्रेनर) स्कूल में ही प्रशिक्षण देता था, घटना सोमवार की है, जब स्कूल में अवकाश घोषित था, छात्रा को अवकाश की जानकारी नहीं होने से वह स्कूल गयी, जहां उसे अकेला पाकर स्कूल में जिम ट्रेनर ने उसके साथ हैवानियत की। घबरायी बच्ची ने घर आकर परिजनों को उसके साथ घटित हुई घटना बतायी, जिस पर परिजनों ने अंबामाता थाने में स्कूल के जिम ट्रेनर प्रदीप सिंह झाला के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवायी है। बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म मामले में अंबामाता थाना पुलिस ने पोक्सो एक्ट और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। थानाधिकारी मुकेश सोनी ने बताया कि मामला आलोक स्कूल का है, आरोपी प्रदीप सिंह झाला की तलाश की जा रही है।



**स्कूल में ही किया दुष्कर्म**

परिजनों ने बताया कि बच्ची आलोक स्कूल की छात्रा है, सोमवार अवकाश की जानकारी नहीं होने से बच्ची हमेशा की तरह स्कूल गयी थी। वहां स्कूल में उसे जिम इंस्ट्रक्टर (ट्रेनर) प्रदीप सिंह झाला मिले। बच्ची को अकेला देख प्रदीप सिंह झाला ने स्कूल परिसर में ही बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। घबरायी बच्ची जैसे-तैसे स्कूल से घर पहुंची और परिजनों को पूरी घटना बतायी।

### आज होगी ग्राण्ड ओपनिंग,पहले दर्शन साढ़े आठ बजे होंगे

**उदयपुर (पुकार)।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर प्रथम दिन बुधवार को लखारा चौक-मार्शल चौराहा रोड़ स्थित मन्नत वाले राजा की ग्राण्ड ओपनिंग होगी। जिनके प्रथम दर्शन रात्रि 8.30 बजे होंगे। अलौकिक एवं ऐतिहासिक रूप से बप्पा को विशेष आभूषण के साथ सजाया जाएगा। मंडल के संचालक विशाल जैन ने बताया कि इस बार बप्पा 16 भुजाओं के साथ दर्शन देंगे। 3 देवियों का स्वरूप है जो कि आज तक राजस्थान के इतिहास में पहली बार एक साथ देखा जाएगा और जिसमें नासिक के ढोल गाजे बाजों के साथ बप्पा की ओपनिंग की जाएगी। फायर शो के साथ ही बप्पा के दर्शन होंगे और 51 किलो लड्डू का बप्पा को भोग लगाया जाएगा।

**जिला स्तरीय निष्पादक समिति की बैठक**

# शैक्षिक उन्नयन के लिए सामूहिक रूप से किए जाएं प्रयास : जिला कलक्टर



**उदयपुर (पुकार)।** जिला स्तरीय निष्पादक समिति की बैठक मंगलवार शाम को कलक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

बैठक में जिला कलक्टर ने उदयपुर की जिला रैकिंग की समीक्षा की। इस बार उदयपुर की रैकिंग 17वीं रही। इस पर कलक्टर ने प्रयासों की सराहना करते हुए उसे नियमित रखने तथा रैकिंग में और अधिक सुधार पर जोर दिया। जिला कलक्टर ने कहा कि जिला रैकिंग के लिए निर्धारित मानकों पर समेकित रूप से कार्य किया जाना चाहिए। उन्होंने शैक्षिक उन्नयन के लिए भी सामूहिक प्रयासों पर बल दिया। बैठक में शाला संबलन विद्यालय अवलोकन/टिकिट्स निस्तारण की समीक्षा, प्रवेशोत्सव कार्यक्रम की समीक्षा, विद्यार्थी की ऑनलाईन दैनिक उपस्थिति एन्ट्री की समीक्षा की गई। साथ ही आधार/जनाधार प्रमाणीकरण, हरियालो राजस्थान के तहत पौधारोपण लक्ष्य, सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज परिवादों के समयबद्ध निस्तारण,यू डाइस स्टुडेन्ट प्रोग्रेस, अपार आईडी जनरेशन, निःशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं वर्कबुक वितरण, कार्मिकों के वार्षिक कार्य मूल्यांकन की स्थिति, पन्नाधाय बाल गोपाल योजना व मिड डे मिल की अद्यतन स्थिति, जर्जर भवन की अद्यतन स्थिति व डीएमएफटी में लिये गये प्रस्तावों, निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति आदि बिन्दुओं पर चर्चा की गई। जिला कलक्टर ने प्रत्येक बिन्दु पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मुख्य जिला शिक्षाधिकारी प्रतिभा गुप्ता, जिला शिक्षाधिकारी माध्यमिक लोकेश भारती, जिला शिक्षाधिकारी प्रारंभिक चंद्रशेखर जोशी, एडीपीसी ननिहालसिंह, सहायक निदेशक डीईओ माध्यमिक डॉ दिनेश बंसल सहित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सामूहिक भक्ति में डूबा श्रीमाली समाज, हरतालिका तीज का हुआ अनुष्ठान



**उदयपुर (पुकार)।** श्रीमाली समाज संस्था मेवाड़ द्वारा हरतालिका तीज का सामूहिक आयोजन मंगलवार रात्रि से प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर 58 महिलाओं ने एक साथ उद्यापन कार्यक्रम किया। चार पहर की पूजा पूरी रात चली, जिसमें विधि-विधान से भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना की गई। बुधवार को व्रत का पालना होगा, जिसमें लगभग 1000 व्रतधारी महिलाएं एक साथ पालना करेंगी। समाज के अध्यक्ष दिग्विजय श्रीमाली के नेतृत्व में तैयारियां की गईं। टाइगर हिल स्थित संस्कार भवन में कार्यक्रम के आयोजन से पूर्व सभी उद्यापन करने वाली महिलाएं परिवार के साथ पहुंची। पंडितों ने पूजा शुरू कराई और पूरी रात शिव और पार्वती की भक्ति में लीन रही। इस बार हरतालिका तीज पर सर्वार्थ सिद्धि, शोभन, गजकेसरी और पंचमहापुरुष जैसे चार शुभ योग बने हैं। श्रद्धा और निष्ठा से किया गया यह व्रत अवश्य फलदायी माना गया है। कार्यक्रम के संयोजक रोशन लाल जोशी ने बताया की यह व्रत 26 अगस्त को रखा गया, जिसका पारण 27 अगस्त को किया जाएगा। श्रीमाली समाज की महिलाओ ने पारंपरिक श्रृंगार किया क्योंकि इस दिन लाल रंग पहनना प्रेम और शक्ति का, हरा रंग पहनना हरियाली व समृद्धि का, तथा गुलाबी रंग पहनना सौम्यता और आपसी समझ का प्रतीक माना गया है। वहीं काला, नीला, सफेद और क्रीम रंग वर्जित माने जाते हैं। व्रतधारी महिलाओ ने स्नान कर शुभ वस्त्र धारण किए और मिट्टी से शिव-पार्वती की प्रतिमा व शिवलिंग स्थापित कर पूजन किया। गणेश पूजा के बाद गौरी-शंकर का पूजन, भोग अर्पण और आरती की गई। माता पार्वती का सोलह श्रृंगार–सिंदूर, काजल, चूड़ियां, चुनरी, महावर, बिछिया, मेहंदी आदि चढ़ाए गए। हरतालिका तीज भगवान शिव और माता पार्वती के दिव्य मिलन का प्रतीक माना जाता है। भाद्रपद शुक्ल तृतीया को मनाया जाने वाला यह पर्व विवाहित महिलाओं के लिए अखंड सौभाग्य और अविवाहित कन्याओं के लिए योग्य वर प्राप्ति का व्रत है। पौराणिक कथा के अनुसार, माता पार्वती ने 12 वर्षों तक कठोर तप कर शिवजी को पति रूप में पाने का संकल्प लिया। भाद्रपद शुक्ल तृतीया को मिट्टी का शिवलिंग बनाकर रातभर पूजा की और अंततः भगवान शिव ने प्रसन्न होकर उन्हें पत्नी रूप में स्वीकार किया। तभी से यह व्रत पति की दीर्घायु और वैवाहिक सुख-समृद्धि की कामना से किया जाता है। कार्यक्रम में सहसंयोजक उपेश त्रिवेदी , वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओम शंकर श्रीमाली, संयुक्त महामंत्री भाव प्रकाश दशोत्तर, उपाध्यक्ष रमेश श्रीमाली,सांस्कृतिक मंत्री जमनालाल ओझा, कार्यालय मंत्री चेतन प्रकाश श्रीमाली, कोषाध्यक्ष ललित परागोत, युवा अध्यक्ष प्रफुल्ल श्रीमाली, नरबदा शंकर श्रीमाली , गणेश लाल श्रीमाली, पुरुषोत्तम श्रीमाली कड़ियां,श्याम श्रीमाली, नरेश जी श्रीमाली, यशवंत श्रीमाली आदि ने कार्यक्रम मे सफलतम आयोजन मे सक्रिय भूमिका निभाई।

**PIL ITALICA LIFESTYLE LIMITED**
CIN – L25207RJ1992PLC006576
Regd. Office: Kodiyat Road, Village: Sisarma, Udaipur (Rajasthan) -313031
E-mail: info@italica.com Website: www. italica.com Phone: 0294-2432272

Notice is hereby given that pursuant to the SEBI circular SEBI/HO/ MIRSD/MIRSD-PoD/P/CIR/2025/97 dated 02nd July, 2025 ("SEBI Circular'), a Special window has been opened for a period of 6 (six) months from 07th July, 2025 till 06th January, 2026 ("said period") for the shareholders for re-lodgment or transfer deeds, which were lodged prior to the deadline of 01st April, 2019 and rejected/returned/ not attended to due to deficiency In the documents/process/or otherwise. The eligible shareholders will have to submit original transfer documents or missing details to the MUFG Intime India Pvt. Ltd, our Registrar and Share Transfer Agent (RTA} at MUFG Intime India Pvt. Ltd, C 101, 247 Park, L.B.S. Marg, Vikhroli (West),Mumbai,Maharashtra,400083. Alternatively, Shareholders can write to rnt.helpdesk@in.mpms.mufg.com or call 022 – 49186270 for any queries. During the said period, the shares that are re-lodged for transfer shall be Issued only in dematerialized{demat) mode

For **PIL ITALICA LIFESTYLE LIMITED**
sd/-
Rajat Raja Kothari
(Company Secretary)

Date: 26.08.2025
Place: Udaipur

# मार्बल एसोसिएशन ने उठाई मार्बल पर जीएसटी दर 5 प्रतिशत करने की मांग

**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर मार्बल एसोसिएशन कार्यालय पर मंगलवार को कार्यकारिणी की बैठक रखी गई, जिसमें आगामी 3-4 सितम्बर को जीएसटी काउंसिल की होने वाली बैठक में जीएसटी पर समीक्षा की जानी हैं। इस सन्दर्भ में एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री, जीएसटी काउंसिल सदस्य सम्राट चौधरी, सुरेश कुमार खन्ना, गजेन्द्र सिंह खीवसर, चंद्रिमा भट्टाचार्य, के. बी. गोवडा, के. एन. बालागोपाल एवं राज्य के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर जीएस्टी कम कर 5 प्रतिशत करने का प्रस्ताव रखा गया।

अध्यक्ष पंकज गंगावत ने बताया की मार्बल ग्रेनाइट पर रॉयल्टी के बाद जीएसटी कम करने की मांग की जा रही हैं। पूर्व में भी कई बार एसोसिएशन जीएसटी कम करने की मांग कर चूका हैं। अध्यक्ष गंगावत ने बताया की मार्बल पर जीएसटी से पूर्व 5 प्रतिशत वैट ही लगता था। यदि जीएसटी दर में कमी कर उसे 18 प्रतिशत से 5 प्रतिशत नहीं की जाती हैं तो इस उद्योग को बचाना मुश्किल हो जायेगा।

उदयपुर मार्बल एसोससएशन काफी वर्षो से जीएसटी कम करने हेतु प्रयासरत हैं। इस सम्बन्ध में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय वित्त मंत्री को कई बार ज्ञापन दे चुके हैं, की मार्बल एवं ग्रेनाइट की ज्वलंत समस्या का समाधान किया जाए। पिछले वर्ष (22 अगस्त 2024) वित्त मंत्री जब उदयपुर मार्बल एसोसिएशन कार्यालय पर पधारी थी तब भी हमारे एसोससएशन ने श्रीमती निर्मला सीतारामन को ज्ञापन देकर जीएसटी व मार्बल उद्योग की वर्तमान हालत से अवगत कराया था। प्रधानमंत्री से आग्रह हैं कि निम्न तथ्यों को ध्यान में रखते हुए जीएसटी दर कम की जाए। उन्हेंने बताया कि मार्बल एवं ग्रेनाइट विलासिता की वस्तु नहीं होकर एक सस्ता उत्पाद हैं जिसका उपयोग आम व्यक्ति के मकान, दुकानों और सार्वजनिक जगह जैसे रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, हवाई अड्डे, हॉस्पिटल, मॉल, सरकारी आवास योजना आदि में हो रहा हैं। उद्योग पिछड़ने के कारण सरकार के राजस्व और रोजगार पर भी अत्यधिक प्रभाव पड़ रहा हैं। देश में लाखों व्यापारी सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग से जुड़े हुये हैं वो 18 प्रतिशत जीएसटी की बड़ी मार झेल रहे हैं।

उन्होंने बतासा कि .कोटा स्टोन एवं सेंड स्टोन पर 5 प्रतिशत ही जीएसटी लग रहा हैं जो की एक ही कमोडिटी में किसी भी तरह तर्क संगत नहीं हैं। मार्बल एवं ग्रेनाइट पर भी 5 प्रतिशत जीएसटी दर लागू की जाए। स्वदेशी मार्बल और विदेशी आयातित मार्बल की कीमतों में भारी अंतर हैं जिससे विदेशी आयातित मार्बल को विलासिता की श्रेणी में रखकर 18 प्रतिशत जीएसटी उचित हैं परन्तु स्वदेशी मार्बल एवं ग्रेनाइट पर 5 प्रतिशत दर की जाएं। उन्होंने बताया कि मार्बल एवं ग्रेनाइट की लागत अधिक होने के कारण उपभोक्ता ने सिरेमिक टाइल्स का विकल्प चुन लिया जिससे मार्बल उद्योग में रोजगार के अवसर में कमी आई हैं मार्बल उद्योग से लाखो लोगो को रोजगार मिलता हैं साथ ही सरकार को राजस्व भी प्राप्त होता हैं अतः इस पर जीएसटी दर कम कर इस उद्योग को संजीवनी दी जाए। हाल ही में एसोसिएशन के पदाधिकारी जब जयपुर दौरे पर गए थे तब भी उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी को जीएसटी कम करने का पुनः निवेदन किया था आगामी जीएसटी काउंसिल में राजस्थान की तरफ से पक्ष रखते हुए मार्बल ग्रेनाइट पर जीएसटी कम करने का सार्थक प्रयास किया जाए मार्बल उद्योग को पुनर्जीवित करने के लिए जीएसटी में कमी करके ही किया जा सकता हैं। इस बैठक में पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह राव, उपाध्यक्ष राजेंद्र मौर, सह सचिव नरेन्द्र सिंह राठौड़, कोषाध्यक्ष कुलदीप जैन एवं कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।

**कार्यालय अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, संभाग प्रथम उदयपुर**

क्रमांकः ACE/NIT / 2025-26/D- 321 दिनांकः 14.08.2025

**निविदा सूचना संख्या : 10/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सी.आर.आई.एफ योजनान्तर्गत स्वीकृत विभिन्न सड़क निर्माण कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के एए श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में कुल 2 (दो) सड़क कार्य के लिए ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | सड़क निर्माण कार्य कुल 2 (दो) कार्य |
| निविदा की कुल लागत | राशि रु.6452.00 लाख |
| ऑनलाईन निविदा आवेदन डाउनलोड एवं अपलोड करने की तारीख | 25.08.2025 प्रातः 9:30 बजे से 15.09.2025 सांय 6.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख | 17.09.2025 सांय 4.00 बजे से |

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in व sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाइन सम्पादित की जावेगी ।

NIB- PWD2526A2643
UBN- PWD2526WLOB09736
PWD2526WLOB09737

**अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता**
सा.नि.वि. सम्भाग-प्रथम उदयपुर

DIPR/C/11973/2025